समाचार विज्ञप्ति

कमजोर महिलाओं के लिए सुरक्षित स्थानों पर अधिक जगह

मार्च 19, 2024 मीडिया पूछताछ

अल्बर्टा सरकार महिला आश्रयों को मजबूत करने और अधिक बिस्तरों के वित्तपोषण के लिए चार वर्षों में $10 मिलियन अतिरिक्त प्रदान करने के अपने वायदे को निभा रही है।

हर साल, पारिवारिक हिंसा और दुर्व्यवहार का सामना करने वाली हजारों महिलाएं महिला आश्रय स्थलों की मदद लेती हैं। ये आश्रय सुरक्षित, सहायक वातावरण और महत्वपूर्ण सहायता प्रदान करके पीड़ितों को उनके जीवन की कुछ सबसे कठिन परिस्थितियों से उबरने में मदद करते हैं, लेकिन उन्हें जगह की कमी से जुड़ी चुनौतियों और सेवाओं की बढ़ी हुई मांग का सामना करना पड़ता है।

अल्बर्टा सरकार को महिला आश्रय स्थलों द्वारा किए जाने वाले बहुमूल्य कार्यों में सहायता देने पर गर्व है क्योंकि वे अल्बर्टावासियों को सुरक्षित रखने के लिए कार्य कर रहे हैं। वर्तमान में, हिंसा से बच कर निकल आने वाली महिलाओं के लिए अतिरिक्त स्थान बनाने के लिए पूरे प्रांत में 17 समुदायों में महिला आश्रयों को 5 मिलियन डॉलर की राशि दी जा रही है। पारित हो जाने की स्थिति में बजट 2024 के तहत अल्बर्टा अगले तीन वर्षों में महिला आश्रयों के लिए वार्षिक वित्तीय सहायता राशि में 5 मिलियन डॉलर की वृद्धि करेगा।

"कमजोर महिलाओं और बच्चों को हमेशा एक सुरक्षित जगह मिलनी चाहिए। महिला आश्रयों के लिए अपने चुनावी वायदे को पूरा करके, हमारी सरकार अल्बर्टा के अधिक परिवारों को सुरक्षित रखने में मदद कर रही है, और पीड़ितों के जख्मों पर मरहम लगाने की यात्रा को सशक्त बना रही है।

सियर्ल टर्टन, बाल और पारिवारिक सेवा मंत्री

"अल्बर्टा सरकार बड़े पैमाने पर अल्बर्टा-निर्मित कार्य योजना बनाने में जुटी हुई है जो पीड़ितों की सहायता करती है और लिंग आधारित हिंसा के मूल कारणों पर गौर करती है। इस फंडिंग से प्रांत भर के महिला आश्रयों को हिंसा की शिकार महिलाओं और लड़कियों की जरूरतों को पूरा करने, और मजबूत समुदायों का निर्माण करने में मदद मिलेगी।

तान्या फिर, कला, संस्कृति और महिला स्थिति मंत्री

अल्बर्टा सरकार चार वर्षों में $10 मिलियन की कुल राशि देने जा रही है, जिसमें 2023-24 में $5 मिलियन, 2024-25 में $1.5 मिलियन, 2025-26 में अतिरिक्त $1.5 मिलियन और 2026-27 में $2 मिलियन का योगदान शामिल है। इस निवेश से पूरे प्रांत के आश्रयों में अतिरिक्त 104 बिस्तरों के लिए वित्तीय सहायता दी जाएगी, जिसमें व्हाइटकोर्ट में उपलब्ध बिस्तरों की संख्या को दोगुना करना और बैंफ वाईडब्ल्यूसीए और एलीन प्लेस में नए बिस्तर की व्यवस्था करना शामिल है।

इसके अलावा, यह राशि ग्रामीण क्षेत्रों की उच्च मांग को पूरा करने में मदद करने के लिए नये कार्यक्रमों में सहायक होगी। ग्रामीण आश्रयों के लिए सहायता बढ़ाने के समाधान के तहत हाई रिवर में रोवन हाउस सोसाइटी के नए, अपनी तरह के पहले कार्यक्रम के लिए $350,000 की राशि शामिल है, जो महिलाओं को घरेलू हिंसा की स्थितियों में अपनी पसंद की एजेंसी रखने का अधिकार देता है, साथ ही कोक्रेन के बिग हिल हैवन के लिए $275,000 की राशि भी शामिल है, जहां कोई आश्रय या किराये की इकाई नहीं है जिसके कारण शोषण के पीड़ितों को निवास के लिए कोई स्थानीय जगह नहीं है।

और अंत में, अलबर्टा सरकार भी 2024-25 में महिला आश्रय अनुदान समझौतों में लंबे समय से अपेक्षित बदलाव शुरू कर रही है। महिला आश्रय प्रदाता धन आवंटित करने के तरीके में लचीलेपन की मांग कर रहे हैं जो प्रत्येक आश्रय की विशिष्ट परिस्थितियों के लिए सर्वश्रेष्ठ काम कर सके और उन्हें पीड़ितों की जरूरतों को बेहतर ढंग से पूरा करने में मदद कर सके। इन अनुदान समझौतों में 1 अप्रैल से परिवर्तन प्रभावी होंगे।

त्वरित तथ्य

- सरकार पीड़ित लोगों और उनके परिवारों को आवश्यक सहायता प्राप्त करने में मदद करने के लिए महिला आश्रयों के लिए वार्षिक वित्त पोषण में $55.8 मिलियन का निवेश करती है।
- 2023/2024 के लिए, 3,500 से अधिक वयस्कों और 2,750 बच्चों को महिला आपातकालीन आश्रयों द्वारा मदद की गयी थी। आश्रय में आने वाले हर पीड़ित को मदद की पेशकश किए बिना जाने नहीं दिया जाता है। हिंसा से पीड़ित महिलाओं और उनके परिवारों के लिए हमेशा सहायता उपलब्ध है।

- फंडिंग प्राप्तकर्ता बैंफ, ब्रूक्स, कैलगरी, कैमरोज़, कोक्रेन, कोल्ड लेक, एडमॉन्टन, फेयरव्यू, फोर्ट मैकमरे, ग्रैंड प्रेयरी, हाई रिवर, लॉयडमिन्स्टर, मोरिनविले, रॉकी माउंटेन हाउस, शेरवुड पार्क, सेंट पॉल और व्हाइटकोर्ट में स्थित हैं।
- अल्बर्टावासी फैमिली वायलेंस इन्फो लाइन 310-1818 पर कॉल या टेक्स्ट करके 24/7 सहायता प्राप्त कर सकते हैं। 170 से अधिक भाषाओं में फोन पर सहायता उपलब्ध है, जिसमें कैनेडा में बोली जाने वाली सभी मूल भाषाएं भी शामिल हैं। 24/7 चलने वाली गोपनीय वेबचैट अंग्रेजी भाषा में ऑनलाइन भी उपलब्ध है।

बजट 2024 स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा को मजबूत करने, सुरक्षित और सहायक समुदायों का निर्माण करने, प्रांत के संसाधनों को बुद्धिमत्तापूर्ण तरीके से प्रबंधित करने और अल्बर्टा के प्रतिस्पर्धी लाभ को जारी रखने के लिए रोजगार सृजन को बढ़ावा देने की एक जिम्मेदार योजना है।

संबंधित समाचार

- पीस रिवर महिला आश्रय के लिए शरण निवारण (फरवरी 27, 2024)

संबंधित जानकारी

- पारिवारिक हिंसा
- पारिवारिक हिंसा - सहायता का पता लगाएं
- आश्रय स्थल का पता लगाएं
- 24/7 चलने वाली गोपनीय वैबचैट

मल्टीमीडिया

- समाचार सम्मेलन देखें

मीडिया पूछताछ

ऐशली बैरेट

587-545-8821
प्रेस सचिव, बाल एवं पारिवारिक सेवा